# प्रेस नोट

**पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 25.07.2026 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः**

- थाना गजनेर पुलिस द्वारा अभियुक्त श्रवण कुमार उर्फ शोभित सोनकर पुत्र स्व0 रमेश चन्द्र सोनकर उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम हिम्मापुरवा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात के कब्जे से 20 अदद देशी क्वार्टर ट्विन टावर देशी शराब ब्राण्ड नाजायज बरामद होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 183/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना राजपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त वसीम खाँ पुत्र नसीर खाँ निवासी कस्बा राजपुर थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की खाईबाडी करने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 85/26 धारा 13 जुआ अधि0 (सट्टा) व धारा 112(2) बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना रूरा पुलिस द्वारा अ0सं0 452/2024 धारा 115(2)/117(2)/351(2)351(3)/352 बीएनएस के वारन्टी अभियुक्त शिव कुमार उर्फ भुवन पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम बैजूपुरवा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 28 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना रूरा पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 10 व्यक्तियों, थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा 05 व्यक्तियों, थाना राजपुर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति व थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 05 व्यक्तियों का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।